भारतीय कमेंट्री खेल की बारीकियों और तकनीक पहलुओं पर ध्यान देने के बजाय विवादों को बढ़ावा देने पर फोकस है, जो असली क्रिकेट फैंस के लिए अच्छा नहीं है।

– रोहित शर्मा

भारतीय बल्लेबाज, भारत में क्रिकेट कमेंट्री के गिरते स्तर पर नाराज होते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

फारुख इंजीनियर

पूर्व भारतीय दिग्गज फारुख इंजीनियर ने कहा कि इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज की ट्रॉफी का नाम बदलकर गलत किया और दिवंगत मंसूर अली पटौदी के नाम पर मेडल देने का फैसला उनके जैसे फैंस को खुश करने के लिए किया गया। ईसीबी ने 2007 में भारत और इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए पटौदी ट्रॉफी की शुरुआत की थी, टाइगर पटौदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त थे। मेरे बहुत अच्छे सहयोगी थी। हमने काफी टेस्ट मैच साथ में खेले। मुझे सबसे ज्यादा खुशी तब हुई जब 2007 में ट्रॉफी का नाम उनके नाम पर रखा गया।

क्या आप जानते हैं ?... केशव महाराज ने टेस्ट में 200 विकेट ले लिए हैं। ऐसा करने वाले वो पहले साउथ अफ्रीका स्पिन गेंदबाज बन गए हैं।

देवांश ने जीता एकल गौरव और रिद्धि ने मिश्रित युगल खिताब

जयपुर, 30 जून। ज्ञान विहार स्कूल बैडमिंटन हॉल में संपन्न हुई जी वी ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल फाइनल में देवांश अरमान को हराकर खिताब जीता वहीं मिश्रित युगल

में गौरव और रिद्धि की जोड़ी ने मोहित मिठ्ठा व तन्वी की जोड़ी को 21- 18, 21 -19 से हराकर खिताब जीता। बालकों के अंदर 15 सिंगल्स में काव्या विजेता व रिशान उप विजेता रहे। लड़कियों के अंडर 13 सिंगल्स में आराध्या गुप्ता विजेता और वैदेही पाटोदिया उपविजेता रही लड़कों के अंडर13 बॉयज में वेदांश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता तथा हर्षवर्धन सिंह उपविजेता रहे । महिला युगल में तन्वी व सत्यप्रिया विजेता तथा मीनाक्षी व रिद्धि उप विजेता रहे 50 वर्ष से अधिक आयु में जितेंद्र राजवंशी व राजेश अग्रवाल विजेता राजेंद्र कोठारी व सुधीर श्रीवास्तव उपविजेता रहे वहीं वेटरन एकल में संजीव शिवानी विजेता तथा संजय श्रीवास्तव विजेता रहे। टूर्नामेंट के आयोजक अतुल गुप्ता ने बताया मुख्य अतिथि मधु कांत मोदी अध्यक्ष ओशो ध्यान केंद्र छतरपुरा ने सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी सर्टिफिकेट में पदक बांटे तथा उनके उज्जवल भविष्यके लिए बधाई दी।

शूटर मानिनी को 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में राष्ट्रीय रैंकिंग में प्रथम स्थान मिला

जयपुर, 30 जून। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ द्वारा हाल ही में प्रकाशित राष्ट्रीय रैंकिंग में स्टार शूटर मानिनी कौशिक को 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में राष्ट्रीय रैंकिंग में प्रथम स्थान मिला है। अब वह

16 से 30 अगस्त 2025 तक कजाकिस्तान के श्यामकेंट में होने वाली 16वीं एशियाई चैंपियनशिप में भारत की नंबर एक शूटर के रूप में खेलेंगी। मानिनी ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप और दूसरे तथा तीसरे चयन ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओलंपियन और विश्व चैंपियन तथा भारत के सभी शीर्ष शूटरों से भरे मैदान में शीर्ष स्थान हासिल किया। मानिनी ने इस दौरान दो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़े, एक राष्ट्रीय चैंपियनशिप में और दूसरा केएसएस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में।

केंडलविक और जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी जीते

जयपुर, 30 जून। सबा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आठवीं हाजी गनी बाबा स्मृति लीग कम नॉक आउट क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज खेले गये पहले मैच में केंडलविक क्रिकेट एकेडमी ने सार्थक त्यागी 4 ओवर 1 मेडन 7 रन 4 विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत सबा क्रिकेट क्लब को 101 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की और महत्वपूर्ण 2 अंक अर्जित किये। पूल-बी के एक अन्य मैच में जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी ने आर्यन जैन 43 रन नाबाद व 13 रन पर 2 विकेट के ऑलराउण्ड प्रदर्शन की बदौलत एमी क्रिकेट एकेडमी को 5 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर केंडलविक क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ओशिनक ठोवर 44 रन, मोहम्मद कैफ 43 रन नाबाद, दक्ष कासलीवाल 25 रन कुशाठा ओझा 22 रन और आकाश सिंह 18 रन की मदद से निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 180 रन बनाये। सबा क्रिकेट क्लब कि ओर से मोहम्मद बिलाल ने 39 रन पर 2 विकेट तथा लखन चौधरी, सतवीर चौधरी व रामदयाल ने प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर अन्य सफल गेंदबाज रहे।

वैभव सूर्यवंशी ने चार दिन में दूसरी बार बल्ले से उड़ाया गर्दा

इंग्लैंड के गेंदबाजों की जमकर की धुलाई

नई दिल्ली, 30 जून। वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर बेतरीन प्रदर्शन किया है। भारत और इंग्लैंड की अंडर-19 टीमों के बीच दूसरा वनडे मैच खेला जा रहा है। 14 वर्षीय युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाजी ने सभी का दिल जीत लिया है। इंग्लैंड के खिलाफ इस दूसरे वनडे मैच में वैभव ने 45 रनों की तूफानी पारी खेली। पिछले मैच की तरह इस मुकाबले में भी वैभव अर्धशतक लगाने से चूक गए।इस मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी। तब कप्तान आयुष म्हात्रे बिना खाता खोले ही पहली गेंद पर आउट हो गए। इंग्लैंड को भारत के कप्तान की विकेट पहली ही गेंद पर मिल गई। लेकिन दूसरे सिरे पर बल्लेबाज करने आए वैभव सूर्यवंशी खड़े थे। वैभव ने 34 गेंदों में 45 रनों की बेहतरीन पारी खेली। इस पारी में वैभव ने पांच चौके और तीन छक्के लगाए। वहीं भारत की अंडर-19 टीम बेहतरीन बल्लेबाजी कर रही है। वैभव सूर्यवंशी के 45 रन पर आउट होने के बाद विहान मल्होत्रा और मौल्यराज सिंह छाबड़ा ने भारत की पारी को संभाला है। इस वनडे मैच में 20 ओवर के बाद भारत कास्कोर 2 विकेट के नुकसान पर 116 रन हो गया है। विहान 49 गेंदों में 39 रन पर और छाबड़ा 39 गेंदों में 21 रन पर बल्लेबाजी कर रहे हैं।

भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन घोषित, जोफ्रा आर्चर बाहर

लीड्स, 30 जून। ईसीबी और टीम मैनेजमेंट ने मिलकर एक बोल्ड फैसला भारत के खिलाफ जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले से पहले लिया है। बुधवार 2 जुलाई से एजबेस्टन में भारत के खिलाफ खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है। वहीं आश्चर्य की बात ये है कि इंग्लैंड टीम में कोई भी बदलाव नहीं किया गया है। ऐसे में जोफ्रा आर्चर को फिलहाल के लिए बाहर बैठना पड़ेगा।

लगातार दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड की ओर से दो दिन पहले प्लेइंग इलेवन का ऐलान देखने को मिला है। अभी तक इंग्लैंड की ओर से एक दिन पहले टीम की घोषणा होती थी, लेकिन जब मैच से दो दिन पहले इसका ऐलान किया गया है। हेडिंग्ले में एक अविश्वसनीय जीत के बाद मेजबान टीम ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है, जिसमे उसने चौथी पारी में 371 रनों का पीछा करते हुए जीत दर्ज की। इंग्लैंड की स्क्वॉड में जरूर बदलाव हुआ था, लेकिन मुकाबले के लिए प्लेइंग इलेवन पहले मैच वाली ही है।

कहा जा रहा था कि इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड अपनी गेंदबाजी को मजबूत करने के लिए दूसरे टेस्ट मैच में जोफ्रा आर्चर को उतार सकता है, लेकिन ऐसा देखने को नहीं मिला। जोफ्रा आर्चर वैसे भी पारिवारिक इमरजेंसी के कारण प्रैक्टिस सेशन में नजर नहीं आए। शायद इसी कारण से टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया हो।

भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11 जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स, जेमी स्मिथ, क्रिस वोक्स, ब्राइडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

अंकुर, तनीषा की मिश्रित जोड़ी ने जीता टीटी एशियाई युवा चैम्पियनशिप में कांस्य पदक

ताशकंद, 30 जून। दूसरी वरीयता प्राप्त अंकुर भट्टाचार्जी और तनीषा कोटेचा भारतीय जोड़ी को टेबल टेनिस अंडर-19 मिश्रित युगल सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के किम गॉन और पार्क गाहियोन की जोड़ी से मिली हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, आज ताशकंद के हुमो एरीना में खेले गये मैच में भारतीय जोड़ी ने डटकर मुकाबला किया, लेकिन कड़े मुकाबले में 2-3 से हार गई। कोरियाई जोड़ी ने भारतीय खिलाड़ियों पर 11-9, 8-11, 11-7, 3-11, 11-3 से जीत दर्ज की।

अंकुर और तनीषा की जोड़ी ने 1-2 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की और दक्षिण कोरियाई जोड़ी को निर्णायक गेम के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने चौथे गेम में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन पांचवें गेम में वे लड़खड़ा गए। इस चूक और बेवक्त की गई गलतियों का खामियाजा भारतीय जोड़ी को हार के साथ चुकाना पड़ा।

इस बीच, दूसरी वरीयता प्राप्त दिव्यांशी भौमिक ने अंडर-15 लड़कियों के एकल के सेमीफाइनल में पहुंचकर कांस्य पदक पक्का कर लिया। उन्होंने दमदार प्रदर्शन करते हुए चीन की हुइज यांग को 3-1 (11-6, 7-11, 11-1, 11-7) से हराया किया। दूसरा गेम हारने के बाद दिव्यांशी ने जोरदार वापसी की और मैच के बाकी हिस्से में अपना दबदबा बनाए रखा। मंगलवार को सेमीफाइनल में उनका सामना एक अन्य चीनी प्रतिद्वंद्वी जिलिंग लियू से होगा।

इससे पहले के दौर में, प्रियानुज भट्टाचार्य और सिंड्रेला दास की भारतीय जोड़ी अंडर-19 मिक्स्ड डबल्स के प्री-क्वार्टर फाइनल में उत्तर कोरिया के जॉन जू फ्योंग और जो होंग रिम से सीधे सेटों में 9-11, 6-11, 9-11 से हार गई।

आयुष शेट्टी ने जीता यूएस ओपन का खिताब

आयोवा, 30 जून। भारत के आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में कनाडा के ब्रायन यांग को पुरुष एकल में हराकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब अपने नाम कर लिया। काउंसिल ब्लफ्स में रविवार को खेले गये मुकाबले में विश्व के 34वें नंबर के खिलाड़ी और चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन रैंकिंग में 33वें स्थान पर काबिज ब्रायन यांग को 47 मिनट तक चले मैच में सीधे सेटों में 21-18, 21-13 से हराया। यह आयुष शेट्टी की ब्रायन यांग के खिलाफ लगातार तीसरी जीत है। यह 2025 में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर किसी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी की पहली खिताबी जीत है। खिताब जीतने के बाद 20 वर्षीय शेट्टी ने कहा, यह बहुत मायने रखता है कि सीनियर सर्किट में मेरा यह पहला खिताब है। इसलिए मैं वास्तव में खुश हूं। मैंने यहां बेहतरीन बैडमिंटन खेला और मैं अगले सप्ताह कनाडा ओपन का इंतजार कर रहा हूं। वहीं महिला एकल वर्ग के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा, अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त और ओलंपियन बेइवेन झांग के हार गईं। पहला मैच हारने के बाद तन्वी शर्मा ने दूसरे मैच में वापसी करते हुए गेम को तीसरे मैच तक ले जाने में सफल रहीं।

छह वर्षीय तेगबीर सिंह ने यूरोप की सबसे ऊंची पर्वत चोटी फतह करने का बनाया विश्व रिकॉर्ड

रूपनगर, 30 जून। पंजाब में रूपनगर शहर के रहने वाले तेगबीर सिंह ने रूस में स्थित माउंट एल्ब्रस पर 18510 फुट (5642 मीटर) से अधिक की ऊंची चोटी फतह करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। तेगबीर ने 20 जून को माउंट एल्ब्रस की चढ़ाई के लिए यात्रा शुरू की और 28 जून को चोटी फतह कर ली थी। इसी के साथ छह साल और नौ महीने के तेगबीर सिंह माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोह बन गया है। उल्लेखनीय है कि माउंट एल्ब्रस कम ऑक्सीजन वाले क्षेत्र है और यहां का सामान्य तापमान शून्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक नीचे रहता है तथा चढ़ाई के दौरान कई तरह की जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। रूस के पर्वतारोहण, रॉक क्लाइम्बिंग और स्पोर्ट्स टूरिज्म फेडरेशन ऑफ काबर्डिनो बाल्केरियन रिपब्लिक ने माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले तेगबीर को पर्वतारोहण प्रमाणपत्र जारी किया। प्रमाणपत्र में लिखा है कि यह प्रमाणित किया जाता है कि भारत के छह साल नौ महीने और चार दिन की उम्र में तेगबीर सिंह माउंट एल्ब्रस पर चढ़ने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोही हैं। इसी के साथ तेगबीर ने पिछले साल सात वर्ष और तीन महीने की उम्र में विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले वाघा कुशाग्र (महाराष्ट्र, भारत के मूल निवासी) के विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। अगस्त 2024 में वह माउंट किलिमंजारो (अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी) पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र के एशियाई बन गए थे और उनका नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज है। वह अप्रैल 2024 में माउंट एवरेस्ट बेस कैंप (नेपाल) भी पहुंचे थे। चोटी फतह करने वाले तेगबीर सिंह ने कहा, मुझे पता था कि मुझे कहाँ पहुँचना है और आखिरकार मैं पहुँच गया और वहाँ अपने पिता के साथ एक तस्वीर खिंचवाई। रोपड़ के शिवालिक पब्लिक स्कूल के दूसरी कक्षा के छात्र ने कहा मैं पहली बार बर्फ पर चल रहा था, मेरे जूते भारी थे, लेकिन मैंने इसका अभ्यास किया था।

आवासीय बालिका स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में प्रवेश के लिए 396 खिलाड़ियों ने लिया भाग

फुटबॉल में सर्वाधिक 120 खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन

जयपुर, 30 जून। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा भरतपुर, उदयपुर और जयपुर में खुलने वाली आवासीय बालिका स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में प्रवेश के लिए चयन स्पर्धा उदयपुर में जहा 26 जून को आयोजित की गई, वही जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में सात खेलों की सलेक्शन ट्रायल आयोजित की गई। इसमें भाग लेने के लिए प्रदेश भर से 396 खिलाडी आए। सर्वाधिक 120 खिलाडियों ने बालिका फुटबाल की चयन स्पर्धा में भाग लिया जबकि 110 खिलाडियों ने बालिका एथलेटिक्स में प्रवेश के लिए दावा पेश किया।

राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि विधाधर नगर स्टेडियम में एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, वेटलिफ्टिंग, फुटबाल और कबड्डी खेल के लिए आवासीय बालिका स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में प्रवेश के लिए चयन स्पर्धा आयोजित की गई। जबकि भरतपुर आवासीय बालिका स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में प्रवेश के लिए कुश्ती और हॉकी खिलाडियों के प्रवेश के लिए सलेक्शन ट्रायल आयोजित की गई। इसके अलावा एथलेटिक्स और कबड्डी खिलाडियों को भी भरतपुर स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में प्रवेश के लिए चुना जायेगा। उन्होने बताया कि विधाधर नगर स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट के लिए उन खिलाडियों का ही चयन किया जायेगा, जिन्होने कम से कम जूनियर प्रतियोगिताओं में गत दो वर्षो में मेडल जीते है। साथ ही भरतपुर स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट के लिए वे खिलाडी जिन्होने कम से कम सब-जूनियर प्रतियोगिताओं में गत दो वर्षों में मेडल जीते है, उनको ही लिया जायेगा।

चौगान स्टेडियम में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

जयपुर, 30 जून। राजस्थान राज्य खेल परिषद द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन चौगान स्टेडियम में 16 से 30 जून तक किया गया। इस शिविर में दूध चने का वितरण विधायक बाल मुकंद आचार्य द्वारा किया गया। इस शिविर के अंतर्गत फुटबॉल, कबड्डी, वेट लिफ्टिंग, बॉक्सिंग, खो-खो, बॉल बैडमिंटन, वुशु, ताइक्वांडो, नेट बॉल और बास्केट बॉल, कबड्डी, फुटबॉल का प्रशिक्षण दिया गया तथा वुशु, बॉक्सिंग और ताइक्वांडो के खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। शिविर में सभी खेलों के 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। शिविर का समापन आज किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक बाल मुकुंद आचार्य, विधायक, हवामहल विधानसभा रहें। कार्यकम में विशिष्ट अतिथि भाजपा के जयपुर शहर मंत्री सुरेश गुर्जर, चेयरमैन रामकिशन शर्मा, नगर निगम हैरिटेज (विद्युत समिति) मौजूद रहे। जिन्होंने सभी खेलों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए, बच्चों को आशीर्वाद दिया तथा खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। जिला खेल अधिकारी मान सिंह ने बताया कि राजस्थान राज्य खेल परिषद द्वारा खिलाड़ियों को टी-शर्ट, प्रमाण पत्र प्रदान दिए गए। मंच संचालन मोहित शर्मा ने किया।

जयेंद्र चतुर्वेदी को 15 से 24 तक अबू धाबी शतरंज महोत्सव में ग्रैंडमास्टर टूर्नामेंट में आर्बिटर नियुक्त किया गया

जयपुर, 30 जून। एक नई उपलब्धि में गुलाबी नगर के स्थानीय संगठन वेव्स और रॉयल जयपुर शतरंज क्लब ने वैश्विक शतरंज मंच पर अपनी छाप छोड़ी है। उनके संस्थापक डॉ. जयेंद्र चतुर्वेदी को 15 से 24 अगस्त 2025 तक निर्धारित अबू धाबी शतरंज महोत्सव में प्रतिष्ठित ग्रैंडमास्टर टूर्नामेंट के लिए आर्बिटर नियुक्त किया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय मान्यता गुणवत्तापूर्ण शतरंज आयोजनों, प्रशिक्षण और प्रतिभा को जमीनी स्तर से वैश्विक मंचों तक बढ़ावा देने में दोनों संगठनों के बढ़ते कद को दर्शाती है। इस उपलब्धि के साथ, वेव्स और रॉयल जयपुर शतरंज क्लब शतरंज की दुनिया में राजस्थान की उपस्थिति को मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। अमरीश जोशी सीओओ वेव्स, ज्योति चतुर्वेदी ट्रस्टी वेव्स, रवि बजाज निदेशक रॉयल जयपुर शतरंज क्लब, आशीष रॉयल जयपुर शतरंज क्लब, अशोक भार्गव सचिव जयपुर जिला शतरंज संघ और अमित गुप्ता अध्यक्ष शतरंज अभिभावक संघ सहित सभी पदाधिकारियों ने उन्हें सफलता के लिए बधाई दी।

स्पेन, नीदरलैंड ने जीता फीबा 3 गुणा 3 विश्वकप का खिताब

उलानबातोर, 30 जून। स्पेन और नीदरलैंड की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गुणा 3 बॉस्केटबॉल विश्वकप (फीबा) 2025 में पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते हैं। मंगोलिया की 3 गुणा 3 बास्केटबॉल एसोसिएशन के अनुसार रविवार को खेले गये पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में स्पेन की टीम ने स्विट्जरलैंड को 21-17 से हराया। वहीं महिला वर्ग में नीदरलैंड ने मेजबान मंगोलिया को 15-9 से शिकस्त दी। पुरुषों के कांस्य पदक मुकाबले में सार्बिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मनी को 21-16 से हराया। महिला वर्ग में कनाडा ने पोलैंड को 21-9 से हराकर कांस्य पदक जीता।

सॉफ्ट हॉकी का दो दिवसीय रिफ्रेशर रेफरी कोर्स का सफल आयोजन

जयपुर, 30 जून। ऐमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में दो दिवसीय रिफ्रेशर रेफरी कोर्स का आयोजन यूथ हॉस्टल सभागार में सम्पन्न हुआ। इस पाठ्यक्रम के तहत सैद्धांतिक सत्र यूथ हॉस्टल सभागार में और प्रायोगिक अभ्यास एसएमएस स्टेडियम के एस्ट्रो टर्फ मैदान पर कराए गए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. आशुतोष पंत (अध्यक्ष, ऐमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ़ इण्डिया) थे तथा अध्यक्षता आई.जी. संदीप सिंह चौहान ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ और गजेन्द्र सिंह राठौड़ तथा महासचिव रमेश सिंह उपस्थित रहे। फेडरेशन के महासचिव रमेश सिंह ने बताया कि इस कोर्स में रेफरी की सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक दक्षता का मूल्यांकन कर उन्हें उपयुक्त ग्रेड प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण में हरजिंदर सिंह बराड़, दीपेन्द्र शर्मा, इन्द्रजीत सिंह शेखावत और हर्षित यादव ने तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही, फिजियोथेरेपी एवं प्राथमिक उपचार पर विशेष कक्षाएं भी आयोजित की गईं। अंतिम दिन लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित की गईं, जिनके आधार पर प्रतिभागियों को ए, बी एवं सी श्रेणियों में ग्रेडिंग दी जाएगी। समापन अवसर पर डॉ. आशुतोष पंत ने बताया कि अब रेफरी के निर्णयों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु सॉफ्ट हॉकी में एआई कैमरों और तकनीकी उपकरणों का उपयोग किया जाएगा।

क्रिकेट और खिलाड़ियों का भला करना ही मकसद : कुमावत

जयपुर, 30 जून। राजस्थान राज्य सरकार ने पिछली आरसीए एडहॉक कमेटी को भंग करके नई एडहॉक कमेटी का गठन कर दिया जिसमें भाजपा विधायक जयदीप बिहानी की जगह सवाई माधोपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष दीनदयाल कुमावत को आरसीए की एडहॉक कमेटी का संयोजक बनाया गया है। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन एडहॉक कमेटी के कन्वीनर कुमावत ने बताया कि राजस्थान क्रिकेट संघ से संबंधित जिला क्रिकेट संघों को साथ लेकर क्रिकेट की भलाई के काम किए जाएंगे जिससे राजस्थान के खिलाड़ियों को क्रिकेट खेलने का मौका मिलेगा और राज्य सरकार ने इस नई एडहॉक कमेटी की जिम्मेदारी दी है उसे निस्वार्थ निभाने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ - साथ आरसीए के चुनाव करवाएं जाएंगे।

खेलमंत्री राज्यवर्धन सिंह एवं धनंजय सिंह ने हमेशा माना है कि एडहॉक कमेटी का काम सिर्फ चुनाव करवाना है

क्या खेल परिषद से आरसीए का एमओयू किया जाएगा ताकि आरसीए के ऑफिस के लगे ताले खुल सके?

जयपुर, 30 जून। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन एडहॉक कमेटी में चल रहा संघर्ष अब पूरी तरह खत्म हो गया है। बार-बार कांग्रेस और भाजपा के सदस्य होने का आरोप प्रत्यारोप भी खत्म हो चुके है। राज्य सरकार ने अब पूरी तरह से भाजपायुक्तसदस्यों व नेता पुत्रों की एंट्री आरसीए एडहॉक कमेटी में कर दी है। खेलमंत्री राज्यवर्धन सिंह एवं धनंजय सिंह ने हमेशा माना है कि एडहॉक कमेटी का काम सिर्फ चुनाव करवाना है। अब सवाल यह उठता है कि जयदीप बिहाणी के संयोजक वाली एडहॉककमेटी को चुनाव नही कराने के आरोप लगाकर भंग करके नई एडहॉक कमेटी गठित की लेकिन क्या यह नई एडहॉक कमेटी इन तीनो महीनों में चुनाव करा पाएगी या नहीं। पिछली आरसीए एडहॉक कमेटी में संयोजक समेत 6 सदस्य थे, अब नई एडहॉक कमेटी में संयोजक समेत 5 सदस्य हैं

जिनमें से धनंजय सिंह दूसरी बार सदस्य बने हैं। नई एडहॉक कमेटी का विवादों से भरी अंगारों की पिच पर चुनाव कराना आसान नहीं होगा। पिछली कमेटी के संयोजक जयदीप बिहाणी के खिलाफ धनंजय सिंह ने चुनाव नही कराने एवं अन्य कारणों से मोर्चा खोल रखा था। क्या इस कमेटी के संयोजक ने भी अगर आने वाले तीन महीनों में चुनाव नही कराए या धनंजय सिंह के खिलाफ चले तो क्या धनंजय सिंह डीडी कुमावत के खिलाफ भी मोर्चा खोलेंगे जिस तरह जयदीप बिहाणी के खिलाफ खोला था?

कई सवाल ऐसे हैं जिनका जवाब नई एडहॉक कमेटी को हल करने ही पड़ेंगे

1. क्या पाली एवं बीकानेर को बहाल किया जाएगा?
2. क्या तीन महीनों में ही चुनाव करवा दिए जाएंगे?
3. क्या यह कमेटी भी आरसीए के कर्मचारियो, ग्राउंड स्टाफ, अधिकारियों के पेमेंट सीधे उनके खातों में भेजेंगे।
4. धनंजय सिंह एवं अन्य सदस्यों ने पिछली कमेटी के कन्वीनर जयदीप बिहाणी पर आरोप लगाया था कि जयदीप बिहाणी द्वारा व्यक्तिगत रूप से विभिन्न प्राधिकरणों, खेल संघों, रजिस्ट्रार सहकारी समितियों,को बिना सदस्यों की सहमति से पत्र, आदेश, निर्देश, कानून के अधिकार के बिना निकाले थे, क्या उन्हें वापस लिया जाएगा या नहीं?
5. कोई भी निर्णय समिति के सदस्यों की सहमति से किए जाएंगे या संयोजककी सहमति से?
6. क्या समिति की बैठक हर तीन सप्ताह में अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएगी?
7. क्या समिति की बैठक में सभी सदस्यों का उपस्थित होना अनिवार्य होगा?
8. राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के (क्रिकेट) खिलाड़ियों की चैलेंजर ट्रॉफी का प्रोग्राम क्या होगा?
9. बैठक बुलाने का अधिकार कन्वीनर का होगा या सदस्यों का?
10. क्या सभी जिला क्रिकेट संघों से रिकॉर्ड मांगा जाएगा?
11. क्या कन्वीनर अपने स्तर पर भी फैसले ले सकते हैं ?
12. क्या आरसीए एडहाऑक कमेटी तीन महीनों की मीटिंग में चुनाव की तारीख तय कर देगी या तीन महीने बाद एक्सटेंशन लेकर आगे भी कायरू करती रहेगी।

जूनियर नेशनल में भाग लेने वाली राजस्थान (बालक व बालिका) वुशू टीम हैदराबाद के लिए रवाना

जयपुर, 30 जून। भारतीय वुशू संघ के तत्वावधान में दिनांक 1 से 6 जुलाई 2025 तक गाचीबौली स्टेडियम, हैदराबाद में आयोजित होने वाली 24वीं जूनियर राष्ट्रीय (बालक/बालिका) वुशू प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान वुशू टीम हैदराबाद के लिये रवाना हुई। हीरानन्द कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान वुशू टीम की घोषणा की। अध्यक्ष के अनुसार प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडियों व ऑफिसियल के नाम इस प्रकार है - **बालक टीम** - नितेश प्रजापत, हितार्थ गोड़वाल, रोनित पारीक, भविष्य जैमन, मोहम्मद महिर, शिवम शर्मा, मोहम्मद अकील, पारस, देवांग सैनी, मयंक वर्मा, सुनील महावर, देव पारीक, प्रिंस चौहान, संदीप, विहानराज सक्सेना, आशु, देवांश चौहान, कार्तिक, रुद्राक्ष अमेरिया, सुनील, मोनेन्द्र, प्रिंस, तुषार जाट,